पंजाब केसरी 26/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज ने अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में जीता दूसरा पुरस्कार

अम्बाला, 25 नवम्बर (बलराम): गवर्नमैंट कॉलेज बरवाला में आयोजित अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में अम्बाला छावनी के जी.एम.एन. कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों दशमीत एवं अनन्या ने 'स्ट्रेस-अनमास्किंग द हिडन किलर' पर अपने उत्कृष्ट मॉडल के लिए दूसरा पुरस्कार हासिल किया।

इस संबंध में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि तनाव को छिपे हत्यारे के रूप में उजागर करने के महत्व को ध्यान में रखते हुए डा. अनुपमा सिहाग के नेतृत्व में मनोविज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा एक मॉडल तैयार किया गया था। यह उपलब्धि विद्यार्थियों के समर्पण एवं कड़ी मेहनत और संकाय के मार्गदर्शन का प्रमाण है।

अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार हासिल करने वाले जी.एम.एन. कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थी। (देवदत्त)

डा. रोहित दत्त ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डा. अनुपमा सिहाग को हार्दिक बधाई दी और विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

अंतर जिला विज्ञान प्रदर्शनी ने छात्रों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा और नवीन विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया। इसने विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा दिया। मॉडल बनाने में दशमीत के अलावा अनन्या, रिधि, रिया, हर्ष, नंदिता, कृतिका, महक, आसिफ, मनप्रीत, रिंकी और लैब अटैंडैंट अनिल ने योगदान दिया।

प्रदर्शनी में महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान, प्राणी शास्त्र, भौतिक विज्ञान जैसे अन्य विभागों के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। प्रदर्शनी में डा. पांडे और डा. गीता शिक्षक प्रभारी के रूप में शामिल हुए।